**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4040**
**(25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**ग्रामीण क्षेत्रों का विकास**

**4040. श्रीमती मंजू शर्मा:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रामीण विकास परियोजनाओं के अंतर्गत निधि के आवंटन का क्या आधार है;

(ख) क्या सरकार का उन राज्यों को अधिक निधि आवंटित करने का विचार है जो उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस संबंध में कोई दिशानिर्देश जारी किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) से (ड़): ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) देश के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वि त कर रहा है , जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधान मंत्री आवास योजना -ग्रामीण (पीएमएवाईजी), प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयूजीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) का वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी)।

उपरोक्त सभी योजनाएं/कार्यक्रम राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के सक्रिय सहयोग से कार्यान्वित किए जाते हैं। इन योजनाओं/कार्यक्रमों के तहत राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निधि आवंटन एक सतत प्रक्रिया है। राज्य के पास उपलब्ध शेष राशि , योजनाबद्ध आवश्यकताओं के अनुसार अपेक्षित दस्तावेज/उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने, योजनाओं के तहत पहले से आवंटित निधि का उचित उपयोग सुनिश्चित करने और प्रत्येक योजना /कार्यक्रम के दिशा -निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा जमीनी स्तर पर वास्तविक आवश्यकता के आकलन को ध्यान में रखते हुए निधि आवंटित की जाती है।

*****